THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SITARAM KESRI): All the State Governments and U.T. Administrations, except Arunechal Pradesh, Meghalaya, Mizoram and Naga land have specified/speoial courts for the trial of offences under the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989.

The Slate Government of Rajasthan has set up six and the State Government of Andhra Pradesh has set up three exclusive special courts also.

The Act does not extend to Jammu and Kashmir.

Special Public Proserutors have also been specified in the State and UTs for conducting the cases in such speci. fied special courts. The State Governments have been advised to take such other measures as may be necessary for the effective implementation of the Act.

मध्य प्रदेश में आदिवासी उप योजना विभाग

478. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान केंद्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में आदिवासी उप-योजना विभाग को वर्ष-वार तथा परियोजना-वार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को इस उपयोजना का लाभ मिला है;

(ग) यदि हां, तो इसका कितने प्रतिशत लोगों को लाभ मिला है; और

(घ) इस संबंध में देश के आदिवासी बाहुल्य वाले अन्य क्षेत्रों की क्या स्थिति है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कल्याण स्त्रालय द्वारा मध्य प्रदेश को आदिवासी उप-योजना के लिए परियोजनावार निर्मुक्त की गई विशेष केंद्रीय सहायता दर्शाने वाला विवरण अनुबंध में दिया गया है । [देखिए परिशिष्ट 191, अनुबंध संख्या 12]

(ख) से (घ) सूचना विभिन्न श्रोतों से एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु कार्यक्रम

479 **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी आलिया :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 15-सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु कोई कार्यक्रम तैयार किया गया था;

(ख) यदि हां, जो उक्त कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) क्या सरकार अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए चालू वर्ष के दौरान कोई विशेष कार्यक्रम आरम्भ करने का विचार रखती है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।